राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - हिंदी
पाठ - 34B : वैज्ञानिक दृष्टि और वैज्ञानिक विकास
कार्यपत्रक - 34B

1. 'विज्ञान ने हमारे रहन-सहन का ढाँचा काफी बदल दिया है।' इस कथन से आप कितना सहमत हैं? सिद्ध कीजिए।

2. वैज्ञानिक दृष्टि की किन्हीं चार विशेषताएँ को उदाहरण सहित विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

3. 'वैज्ञानिक दृष्टि के अभाव में कोई भी समाज सर्वांगीण विकास नहीं कर पाता। जनसामान्य में फैले अंधविश्वास तथा जादू-टोने हमारी सोचने की क्षमता को क्षीण कर देते हैं।' इसी परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट कीजिए कि हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

4. वैज्ञानिक दृष्टि और अंधविश्वास में क्या अंतर है? अपने जीवन से एक उदाहरण लेकर स्पष्ट कीजिए।

5. वैज्ञानिक दृष्टि के महत्त्व और जीवन में उपयोगिता को उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. वैज्ञानिक विकास की प्रक्रिया के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए दो उदाहरण लिखिए।

7. दायाँ अथवा बायाँ अंग फड़कना और उनका शुभ-अशुभ होना को उदाहरण देकर प्रस्तुत कीजिए।

8. 'समाज के कुछ व्यक्ति अथवा राजनेता अपनी तुच्छ स्वार्थ-सिद्धि के लिए भी कभी-कभी अंधविश्वास फैलाते हैं और आम जनता को बेवकूफ बनाते हैं।' इस बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

9. आज के समय में आप विज्ञान के प्रसार के लिए सबसे महत्वपूर्ण किसे मानते हैं? अपने तर्क प्रकट कीजिए।

10. 'कुछ लोक प्रचलित विश्वासों के पीछे भी विज्ञान छिपा होता है जिसे क्यों, कब, कैसे आदि प्रश्न करके समझा जा सकता है।' सिद्ध कीजिए।